हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 लाखेनगर चौक का होगा सौंदर्यीकरण, नजर ....



14 नहर-नाले की भूमि पर कब्जा खाली कराने 17 से तूता ...



# फार्मेसी के एक तथा डीफार्मा के 3 महाविद्यालयों में शून्य दाखिला, सिर्फ 5 में ही 100% प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

प्रदेश में बीफार्मा और डीफार्मा में प्रथम चरण की काउंसिलिंग के बाद कई ऐसे महाविद्यालय रह गए हैं, जहां एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया है। तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में एक फार्मेसी महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या शून्य है। इसी तरह से चार ऐसे महाविद्यालय हैं, जहां संचालित डीफार्मेसी पाठ्यक्रम में एक भी छात्र ने एडमिशन नहीं लिया है। हालांकि तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा इन महाविद्यालयों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

बैचलर तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की तुलना में मास्टर ऑफ फार्मेसी में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। दूसरे चरण की काउंसिलिंग 22 अक्टूबर से होगी। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की गई प्रवेश परीक्षाओं में प्राप्तांकों के आधार पर ही छात्रों को सीटें आवंटित की जा रही हैं।

अन्य पाठ्यक्रमों की तरह फार्मेसी में भी छात्रों की पहली पसंद शासकीय महाविद्यालय ही हैं। निजी महाविद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि आगे चरणों की कांउसिलिंग में उनके संस्थान में सीटें भर जाएंगी।

## प्रदेश में हैं बीफार्मा की 3 हजार 938 सीटें, इनमें से 1 हजार 586 में एडमिशन

### 100% अलॉटमेंट वाले महाविद्यालय कम

प्रदेश में फार्मेसी की सीटें सीमित हैं। कोरोनाकाल के बाद फार्मेसी सेक्टर में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए इस कोर्स की मांग बढ़ी थी। बीते एक-दो वर्ष के अंतराल में प्रदेश में नए फार्मेसी कॉलेज भी खुले हैं। इनके बाद भी प्रदेश में फार्मेसी पाठ्यक्रम के किसी भी स्वरूप में सीट संख्या 6 हजार से अधिक नहीं हो सकी है।

कम सीट ⏭ शेष पेज 14 पर



### ऐसी है स्थिति

**बीफार्मा :** प्रदेश में बीफार्मा का अध्यापन कराने वाले 46 कॉलेज हैं। यहां 3 हजार 938 सीटें हैं। इनमें से अब तक 1 हजार 586 में प्रवेश हो सके हैं।

**डीफार्मा :** छग में 90 ऐसे कॉलेज हैं, जहां डीफार्मा पाठ्यक्रम का संचालन होता है। इस बार 5 हजार 571 सीटों में से 2 हजार 985 सीटें ही अब तक भर सकी हैं।

**एमफार्मा :** 629 में से 456 सीटें भर गई हैं। 18 महाविद्यालयों में इस पाठ्यक्रम का संचालन होता है। सबसे बेहतर स्थिति इसी पाठ्यक्रम की है

## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपी को उम्र कैद



**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में डेढ़ वर्ष पूर्व हत्या के एक मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विजय कुमार यादव के मुताबिक कोर्ट ने अनिल गिलहरे को कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक 10 अप्रैल 2023 को अनिल ने अपनी पत्नी अमरीका गायकवाड़ की गला घोंटकर हत्या की थी। हत्या की वजह अनिल ने अपनी पत्नी से खाना मांगा, तो मृतका ने अपने पति को घर में चावल खत्म होने की बात कही। इस बात से नाराज होकर अनिल ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी।

### नवनिर्मित मकान से पंप केबल की चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ अपने नवनिर्मित मकान से 16 हजार रुपए से ज्यादा कीमत का पंप केबल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक साईं नगर निवासी संजय ओगरे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। संजय ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके नवनिर्मित मकान की बाउंड्री पार कर पंप में लगा केबल चोरी कर ले गया।

### तेज रफ्तार बाइक से गिरी किशोरी की मौत

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व 13 अक्टूबर को तेज रफ्तार बाइक से उछलकर गिरी किशोरी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना दिनांक को कंकाली तालाब, आनंद वाचनालय के पास स्वाती जाल बाइक सीजी 04 पीएन 8497 पर सवार होकर जा रही थी। बाइक की रफ्तार ज्यादा होने की वजह से वह बाइक से नीचे गिर गई। बाइक से गिरने की वजह से किशोरी के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसे उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जया गया, जहां किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## कस्टम मिलिंग का समय पर चावल जमा नहीं करने पर खाद्य विभाग की आरंग में कार्रवाई

# चावल जमा नहीं कराया, राइस मिल में दबिश 1000 क्विंटल से ज्यादा धान और चावल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में कस्टम मिलिंग का चावल समय पर नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध खाद्य विभाग ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। इसके तहत बुधवार को विभाग ने आरंग क्षेत्र में कृष्णा फूड्स राइस मिल में दबिश देकर वहां से एक हजार क्विंटल से अधिक धान एवं 377 क्विंटल चावल को जब्ती बनाया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कलेक्टर गौरव सिंह ने कस्टम मिलिंग का समय पर चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के परिपालन में समय पर चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों पर कार्रवाई की जाएगी।

कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की सूची तैयार की गई है। इस सूची के अनुसार राइस मिलरों को समय सीमा में शत-प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर की मौजूदगी में राइस मिलरों की बैठक हुई। इस बैठक में ⏭ शेष पेज 14 पर



### पिछले वर्ष 25 मिलरों ने 1166 टन चावल नहीं किया जमा

रायपुर जिले में पिछले वर्ष कस्टम मिलिंग का 1166 टन चावल 25 मिलरों ने जमा नहीं किया हैं। विभागीय टीम ने इसे लेकर कुछ मिलरों के यहां दबिश भी दी थी। इस दौरान साढ़े तीन हजार क्विंटल चावल बरामद किया गया था। इन मामलों में जिला विपणन विभाग द्वारा राइस मिलरों से चावल के बदले राशि की रिकवरी की जा रही हैं। इसके तहत बैंक गारंटी जब्ती के अलावा मिलरों के बिलों में रिकवरी की राशि समायोजित की जा रही है।

### कार्रवाई करेंगे

*कलेक्टर के निर्देश के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कार्रवाई होनी है। इसके तहत धान और चावल जब्ती के साथ बैंक गारंटी भी जब्त होगी।*

*- भूपेंद्र मिश्रा*
*जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### 28 अक्टूबर तक करना है चावल जमा

*शासन के निर्देश के अनुसार रायपुर जिले में राइस मिलरों को कस्टम मिलिंग का चावल 28 अक्टूबर तक जमा करना हैं, लेकिन अभी भी कई मिलर 60 से 70 प्रतिशत ही चावल जमा कर पाए हैं। ऐसे में शेष चावल को आगामी 12 दिनों के भीतर मिलरों को जमा कराना है।*

### बैंक गारंटी होगी जब्त

*विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिला विपणन अधिकारी को प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा नहीं करने वाले राइस मिलर की बैंक गारंटी जब्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देश के तहत समय सीमा पर चावल जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

### लगभग दो लाख 90 हजार मीट्रिक टन चावल नहीं हो पाया जमा

*सूत्रों के अनुसार जिले में अब तक लगभग 2 लाख 90 हजार मीट्रिक टन चावल जमा नहीं हो पाया है। इस साल 17 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हुआ है। इसके एवज में करीब 80 प्रतिशत ही चावल जमा हो पाया है।*

## घटना मंगलवार की

# अन्य कक्षा में गई छात्रा तो शिक्षक ने बेदम होते तक पीटा, स्कूल में बवाल, थाने पहुंचा मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लाभांडी स्थित एक निजी विद्यालय में बुधवार को पूरे दिन बवाल होता रहा। मामला एक छात्रा को पीटे जाने से संबंधित है। पालकों और शाला प्रबंधन के मध्य विवाद इतना बढ़ गया कि अंततः अभिभावकों ने स्कूल के खिलाफ थाने में शिकायत कर दी। घटना मंगलवार की है। लाभांडी स्थित गीता विद्या मंदिर में तीसरी कक्षा की एक छात्रा की शिक्षिका ने पिटाई कर दी। छात्रा ने यह बात घर में नहीं बताई। मंगलवार रात को जब छात्रा के हाथ में सूजन ⏭ शेष पेज 14 पर

- तीसरी कक्षा की छात्रा का हाथ सूजा, निजी अस्पताल में जांच जारी

### मांगा गया सबूत

पालकों का आरोप है कि दोषी शिक्षिका ने स्वयं ही किसी कार्य से 8वर्षीय तीसरी कक्षा की छात्रों को अन्य कक्षा में भेजा था। छात्रा को भेजकर वह स्वयं ही बात भूल गई। जब छात्रा वापस अपनी कक्षा में लौटी तो शिक्षिका ने अनुशासनहीनता की बात कहते हुए उसकी पिटाई कर दी। बुधवार को जब पालक छात्रा को लेकर पहुंचे तो शाला प्रबंधन द्वारा पिटाई के सबूत के रूप में हाथ का एक्स-रे मांगा गया। इसके बाद पालक भड़क गए। नोडल प्राचार्य और उनकी ने भी यहां पहुंचकर जांच-पड़ताल की है। नोडल प्राचार्य श्रीमति सुनीता ने बताया कि अभी जांच चल रही है। अंतिम रिपोर्ट तैयारी नहीं की गई है।

### शिकायत मिली है

*संबंधित स्कूल की एक शिक्षिका के खिलाफ मामले की शिकायत मिली है। जांच जारी है।*

*- विनय सिंह बघेल, टीआई, तेलीबांधा*

# लाखेनगर हिंद स्पोर्टिंग मैदान पर लगेगा पटाखा बाजार, लाटरी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली त्योहार के मौके पर राजधानी के लाखे नगर स्थित हिंद स्पोर्टिंग खेल मैदान पर निगम प्रशासन 21 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अस्थायी पटाखा बाजार लगायेगा। इसमें 10 बाई 10 वर्गफीट आकार की प्रति दुकान रहेगी। इस तरह 100 दुकानों के लिए भूखंड का अस्थायी आवंटन लाटरी निकालकर किया जाएगा। बुधवार शाम 5 बजे तक लाइसेंसी पटाखा व्यवसायिओं ने इसके आवेदन जमा कराए। जोन 5 कार्यालय में 100 पटाखा विक्रेताओं ने राजस्व विभाग में निर्धारित शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त की है।

- जोन 5 कार्यालय में दोपहर 12 बजे से जुटेंगे पटाखा विक्रेता

राजधानी के हिंद स्पोर्टिंग मैदान लाखेनगर में अस्थायी पटाखा दुकानें लगाई जाएंगी। इसके लिए जोन पांच के राजस्व विभाग की ओर से 17 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे लाटरी पद्धति से पटाखा दुकानों के लिए भूखंड आवंटन किया जाएगा। जोन कमिश्नर विमल शर्मा ने बताया कि निगम प्रशासन ने लाखे नगर के हिंद स्पोर्टिंग खेल मैदान पर अस्थायी पटाखा बाजार लगाने का ⏭ शेष पेज 14 पर



### 1 दुकान के लिए 10, 255 रुपए शुल्क

दीपावली पर्व के अवसर नगर निगम द्वारा शहरवासियों की सुविधा के लिए लाखे नगर के खेल मैदान पर अस्थायी रूप से लगाये जा रहे पटाखा बाजार में निर्धारित साइज की 1 दुकान के लिए 10,255 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। इसमें निर्धारित शुल्क के साथ जीएसटी और लाइसेंस फीस शामिल है। निगम के अधिकारियों के मुताबिक यह शुल्क पिछले वर्ष लिए गए शुल्क की तुलना में 130 रुपए ज्यादा है जो कि सफाई सहित अन्य कार्य के लिए है।

### नंबर एलाट

जोन 5 का राजस्व विभाग ईदगाहभाठा पानी टंकी परिसर स्थित जोन कार्यालय में गुरुवार को अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए लाटरी निकालेगा। लाटरी निकालने के बाद निर्धारित साइज के भूखंड की चूने से मार्किंग कर नंबर एलाट किया जाएगा। इस तरह क्रम से 100 आवेदकों के नाम की लाटरी निकाली जाएगी।

### 250 से ज्यादा आवेदकों ने कराया लाइसेंस नवीनीकरण

जिला प्रशासन ने इस बार दीपावली में रायपुर जिले से 250 से ज्यादा पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस का नवीनीकरण किया है। एसडीएम कार्यालय में लाइसेंस नवीनीकरण कराने की अंतिम तारीख तक 260 आवेदन आए, जबकि पिछले 2 वर्षों में यह आंकड़ा 400 से 450 तक पहुंच गया था। नया लाइसेंस बनाने के लिए इस बार 220 आवेदन मिले।

## रात में ज्यादा बेचैनी

# जलवाष्प लुढ़कने नहीं दे रहा न्यूनतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिन की लंबाई ज्यादा होने और वातावरण में मौजूद जलवाष्प रात का न्यूनतम तापमान लुढ़कने नहीं दे रहा है। अभी दिन की तुलना में रात को उमस भरी बेचैनी ज्यादा महसूस हो रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बड़ा बदलाव होने के लिए कुछ दिन और इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मानसून की विदाई प्रदेश से हो चुकी है, मगर नमी की मात्रा अभी बनी हुई है, जिसकी वजह से उमस परेशानी का सबब बना हुई है। नमी की मात्रा में कमी आने के लिए उत्तरी हवा का प्रदेश में प्रवेश होना, साथ ही दिन ⏭ शेष पेज 14 पर



*बड़ा बदलाव होने की संभावना अभी नहीं*

## कांग्रेस का गंभीर आरोप

# नोटों की गड्डी के साथ युवक का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें एक कार में नोटों की गड्डी के साथ एक युवक दिखाई दे रहा है। इस कार में नोटों की गड्डियां सामने रखी हुई हैं। कुछ गड्डियां गाड़ी की सीट पर भी दिखाई दे रही हैं। एक युवक कार चलाता हुआ मूंछों पर ताव देता नजर आ रहा है। वीडियो में जो युवक दिखाई दे रहा है, वह भानुप्रतापपुर से भाजपा युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बताया जा रहा है। ⏭ शेष पेज 14 पर

### सीएम ने कहा होगी जांच

नोटों के बंडल वाले वायरल वीडियो पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, नोटों की गड्डी के बंडल वाले वीडियो को वैरीफाई कराया जा रहा है। आजकल फेक वीडियो भी चल रहे हैं। हमारी सरकार को बदनाम करने की साजिश भी की जा रही है, इसका वैरिफिकेशन किया जा रहा है।

## हत्या के आरोप में दर्ज हुआ है मामला

# सूरजपुर हत्याकांड के बाद एनएसयूआई जिलाध्यक्ष को किया गया निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनएसयूआई सूरजपुर जिलाध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी को उनके पद से हटाने के साथ ही छात्र संगठन से भी निकाल दिया गया है। एनएसयूआई द्वारा बुधवार को इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया। सूरजपुर में पुलिस हेड कांस्टेबल तालिब शेख की पत्नी और बेटी की हत्या में चंद्रकांत को भी आरोपी बनाया गया है। इसके बाद बुधवार को छग प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी ने आदेश जारी करते हुए छात्र संगठन से निकाल दिया है। इसके एक दिन पहले ही घटना के मुख्य आरोपी कुलदीप साहू को लेकर चंद्रकांत चौधरी ने वीडियो जारी किया था। इसमें उसने कहा था कि कुलदीप एनएससूआई के किसी पद पर नहीं है। उसे भाजपा सरकार जबरदस्ती शामिल कर रही है। जो अपराधी है, उसके विरोध में खड़े रहने की बात भी वीडियो में कही गई थी।

- एनएसयूआई ने बुधवार को इस संदर्भ में जारी किया आदेश
- छग प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी ने की कार्रवाई

### प्रदेशाध्यक्ष ने जारी किया था स्पष्टीकरण

घटना के शुरुआत से ही आरोपियों के एनएसयूआई से संबद्ध होने की बात कही जा रही थी। पूरे मामले में मुख्य आरोपी कुलदीप साहू को बताया जा रहा है। उसकी गाड़ी में एनएसयूआई की नाम पट्टिका होने तथा सोशल मीडिया में संबंधित पोस्ट को लेकर भाजपा शुरू से ही हमलावर रही है। एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कुलदीप साहू के एनएसयूआई से जुड़े होने का खंडन किया था। अब वहां के प्रदेशाध्यक्ष को संगठन से ही निकाल दिया गया है।



## खबर संक्षेप



### दिव्य उत्सव में 200 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

**रायपुर।** दिव्य उत्सव 2.0 का आयोजन बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें 8 स्कूलों के 200 से अधिक छात्रों और दो स्वयं सहायता समूहों, पटोरा और उपवार ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बच्चों को सशक्त बनाने और उनकी रचनात्मकता को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उत्सव की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में फ्लैग बलून्स के वितरण के साथ हुई, जो कार्यक्रम की उत्सवी भावना का प्रतीक बने। वायआई रायपुर के को-चेयर गौरव अग्रवाल ने उद्घाटन भाषण में बच्चों की भागीदारी और सामुदायिक विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में पंकज सोमानी ने छात्रों को उनके लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्हें हार न मानने की सलाह दी।

### आचार्य विद्यासागर के जन्मोत्सव पर आचार्य छत्तीसी विधान



**रायपुर।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के निर्वाण के पश्चात प्रथम जन्मोत्सव (शरद पूर्णिमा) के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रात: आचार्य छत्तीसी विधान किया गया। खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर सन्मति नगर, फाफाडीह के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या एवं सचिव सुरेश पाटनी ने बताया कि, इस मौके पर 36 गुनधारी आचार्य भगवंत का विशिष्ट संबंध और उनके उपकारों का स्मरण किया गया। पूरे छत्तीसगढ़ के जैन मंदिरों में एक ही समय पर आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन कर समाज की अखंडता एवं आचार्यश्री के प्रति सच्ची श्रधांजलि व्यक्त की गई। यह जानकारी पंचायत के प्रचार सचिव अतुल गोधा ने देते हुए बताया कि इसी तारम्य में श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर का नाम भी गोल्डन बुक ऑफ रिकाड्‌र्स में दर्ज होने की संभावना है। विदित हो कि वर्ष 2024-25 को आचार्य शांतिसागर महाराज के आचार्य पदारोहण के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

# निजी कालेजों में एमडीएस की 50 सीटें खाली, अब 175 अंक वालों को मिलेगा प्रवेश

## मैनेजमेंट कोटे की सीट में एडमिशन के लिए कम किया गया परसेंटाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई कोशिशों के बाद भी निजी डेंटल कालेजों में खाली एमडीएस की मैनेजमेंट की 50 सीटों के लिए परसेंटाइल घटा दी गई है। अब नीट के 960 प्राप्तांकों में यूआर श्रेणी के 272 तथा आरक्षित वर्ग के 175 अंक वालों को भी प्रवेश मिलेगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 19 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

एमबीबीएस के साथ बीडीएस का एडमिशन अभी एनआरआई कोटे की वजह से विवादों में पड़ा हुआ है, लेकिन एमडीएस यानी डेंटल की पीजी सीट के लिए बीडीएस कर चुके छात्रों का टोटा पड़ा हुआ है। एडमिशन की अंतिम तारीख बाकी होने की वजह से चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए नीट में सफल बीडीएस के छात्रों से 19 अक्टूबर तक नया ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया है। अभी निजी मेडिकल कालेजों में एमडीएस की 50 सीट खाली है, जिसके लिए छात्रों की पूर्ति करने के लिए कट ऑफ मार्क्स में और कमी कर दी है। अब नीट पीजी में यूआर कोटे के तहत 28.308 प्रतिशत यानी 272 अंक और एसटी,एससी, ओबीसी वर्ग के 18.308 फीसदी यानी 175 अंक वालों को पात्र माना गया है।



### बीएससी, न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त करने की मांग

बीएससी नर्सिंग में बड़ी संख्या में सीट रिक्त होने की वजह से प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त करने आईएनसी से पत्र व्यवहार करने चिकित्सा शिक्षा मंत्री से निवेदन किया गया है। प्राइवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा हवाला दिया गया है। सभी चरणों की काउंसिलिंग के बाद भी पांच हजार सीट रिक्त है। हवाला दिया गया है कि प्रवेश परीक्षा में लगभग 29 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 2630 विद्यार्थी ही प्रवेश ले पाये हैं। राज्य के अनेक विद्यार्थी नर्सिंग में प्रवेश लेकर अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, किन्तु नियम की कठिनाई के कारण प्रवेश से वंचित रह गए हैं। उनके हितों को ध्यान में रखते हुए हुए परसेंटाइल को समाप्त करने और प्रवेश की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाने इंडियन नर्सिंग काउंसिल से पत्र व्यवहार करने का निवेदन किया है।

## स्थानीय बदमाशों की अमन साव के साथ संलिप्तता की पुलिस लिंक तलाश रही

# गैंगस्टर अमन साव की झारखंड की मदद से स्थानीय पुलिस ने तैयार की डोजियर रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

तेलीबांधा शूट आउट के आरोप में प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर अमन साहू से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। गंज थाना क्षेत्र में शूट आउट के पूर्व पकड़े गए आरोपियों के संबंध में पूछताछ करने के बाद पुलिस अमन से तेलीबांधा शूट आउट को लेकर पूछताछ कर रही है। अमन साव किस तरह अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था, स्थानीय पुलिस ने सौ पन्नों से ज्यादा की एक डोजियर रिपोर्ट तैयार की है। इसकी पुष्टि एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने की है।

एएसपी के मुताबिक अमन साव स्थानीय बदमाशों के संपर्क में था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। गंज तथा तेलीबांधा मामले में अब तक 19 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में अब तक किसी स्थानीय बदमाश के शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। बावजूद इसके अमन अपने अन्य गुर्गों के माध्यम से राज्य के किसी स्थानीय बदमाश के संपर्क में था या नहीं, इसकी तस्दीक करने पुलिस कह रही है।


गैंगस्टर के निशाने पर झारखंड में सरकारी ठेका लेने वाले कारोबारी

मोबाइल शॉप छोड़कर रंगदारी करते गैंगस्टर बना अमन, हत्या समेत 100 से ज्यादा केस

अमन से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही, लेवी नहीं देने पर हत्या की प्लानिंग

60 करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर की थी हत्या

मोबाइल शॉप के रास्ते अपराध की दुनिया में पहुंचा

हत्या की थी प्लानिंग

### पेशी के दौरान देता है निर्देश

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक अमन साव लगातार मयंक सिंह के संपर्क में रहा है, तेलीबांधा शूट आउट की घटना में अमन के मयंक के संपर्क में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार पेशी में ले जाने के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से अमन मयंक से संपर्क स्थापित करता है। इसके बाद किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए कहां से बदमाशों की व्यवस्था करना है, इस संबंध में अमन मयंक को जानकारी देता है। उसी आधार पर मयंक अपने अन्य स्थानीय गुर्गों के माध्यम से बदमाशों को जोड़ आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है।

### शूट आउट की जानकारी नहीं होने का दावा

पांच माह पूर्व मई में गंज थाना क्षेत्र में अपराधिक घटना को अंजाम देने के पूर्व पकड़े गए चार शूटर्स के बारे में अमन ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा ही शूटर्स भेजे गए थे। तेलीबांधा शूट आउट मामले में अमन का कहना है कि उसे इस संबंध में जानकारी नहीं है। तेलीबांधा शूट आउट उसके बगैर किसी जानकारी के हुई है। पुलिस को अमन के कबूलनामे पर यकीन नहीं है। पुलिस इस संबंध में पड़ताल करने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रही है।

### पकड़े जाने के पूर्व सोशल मीडिया में फोटो शेयर

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमन का फेसबुक अकाउंट मलेशिया में बैठा कोई सुनील राणा ऑपरेट कर रहा है। पुलिस को इस बात की जानकारी आईपी एड्रेस की जांच करने के बाद मिली। इसी तरह से अमन के पकड़े जाने के एक दिन पूर्व कनाडा में बैठे मयंक सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट से अमन साव का फोटो शेयर किया था।

### अमन से 60 बिंदुओं पर पुलिस कर रही पूछताछ

अमन साव से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है, अमन साव से अब तक एसएसपी के साथ एएसपी क्राइम, एएसपी सिटी, डीएसपी क्राइम सहित सात पुलिस अफसर पूछताछ कर चुके हैं। पूछताछ में अमन ने लॉरेंस विश्नोई से डायरेक्ट संपर्क होने की बात से इनकार किया है। पूछताछ में स्थानीय अपराधिक घटनाक्रम के बजाय अमन अपने झारखंड के अपराधिक घटनाक्रम के बारे में बात कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

# लाखेनगर चौक का होगा सौंदर्यीकरण, नजर आएगी पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ चौक को आकर्षक स्वरूप देने की तैयारी

शहर के लाखे नगर चौक में अब पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति लोगों को लुभाएगी। सड़क चौड़ीकरण के बाद नगर निगम इस चौक को संवारने में जुटा हुआ है। सीएसआर मद से चौक सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है, ताकि इसकी सुंदरता बनी रहे।

राजधानी के मुख्य मार्गों के चौराहों को सुंदर बनाने सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। विभिन्न उद्योग समूहों और व्यावसायिक संस्थाओं के सहयोग से यह कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जोन 5 क्षेत्र स्थित लाखे नगर चौक को संवारने पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति लगाई जाएगी। सन एंड सन ज्वेलर्स के सहयोग से सीएएसआर मद में यह कार्य पूरा होगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने लाखेनगर चौक का निरीक्षण कर चौराहे के सौंदर्यीकरण की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, जोन कमिश्नर विमल शर्मा की उपस्थिति में किया। श्री मिश्रा ने चौक के सौंदर्यीकरण कार्य की नियमित रूप से मानिटरिंग करने निर्देश दिए।

विदित हो, शहर में जीई रोड, विधानसभा रोड, वीआईपी रोड, एक्सप्रेस वे मार्गो पर विभिन्न उद्योग समूहों, व्यावसायिक संस्थानों के सहयोग से सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में राजधानी के प्रमुख मार्गों का बदला हुआ स्वरूप देखने को मिलेगा।



## खबर संक्षेप



### किसान कार्यकर्ताओं ने निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** भारतीय किसान संघ का 9 वां प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन रायपुर में संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी में माधो सिंग ठाकुर का सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर निर्वाचन हुआ एवं महामंत्री नवीन शेष को बनाया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश का तीन वर्षों में चुनाव होता है। निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्व किसान संघ ने प्रदेश के ग्रामों में सदस्यता करने के बाद ग्राम समिति बनाई, ग्राम समितियों पर तहसील समिति एवं तहसील समिति के आधार पर जिला समितियों का चुनाव होता है। प्रदेश के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है। चुनाव के बाद सभी किसान कार्यकर्ताओं द्वारा सरस्वती शिक्षण संस्थान से शोभायात्रा निकाली। शेष प्रदेश कार्यकारिणी में सुरेश चंद्रवंशी, तुलाराम, गजानन दिग्रसकर, दुर्गा पाल, देवप्रसाद तिवारी, मेनका साहू, ज्योति साहू, कुणाल सिंग, मनेश्वर प्रधान, गोपाल नाग, मुकेश चौधरी, किशोर सिंग बघेल, संजय साहू, गिरधारी सागर, संजय परिहार, नंदकुमार चंद्रवंशी, राजलाल राजवाड़े, भुवन चंद्रा का चयन किया गया।

## निधन

### राजू लाल



**रायपुर।** महावीर नगर निवासी राजू लाल का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर श्मशान घाट में किया गया। वे रवि लाल, आतिश लाल के पिता थे।

### वसुंधरा शर्मा



**रायपुर।** गोल्डन होम्स निवासी वसुंधरा शर्मा (81) का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजीव, डा. प्रणिता, डा. संजीव, शालिनी शर्मा की माता थीं।

### पं. शैलेंद्र तिवारी



**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के आजीवन सदस्य पं. शैलेंद्र तिवारी (92) का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे पं. समीर तिवारी के पिता थे।

### सरिता तिवारी



**रायपुर।** नयापारा रायपुर निवासी सरिता तिवारी का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अजय तिवारी की माता थीं।

# चुनाव : 7 दिन के भीतर थानों में जमा कराना होगा लाइसेंसी हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद अब इस क्षेत्र के रहवासियों को लाइसेंसी हथियार भी जमा कराना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद बुधवार को जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के साथ पूरी तरह चुनाव होने तक दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता लागू रहेगी। चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए क्षेत्र के लोगों से बिना देरी किए लाइसेंस हथियार अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं लीड बैंक मैनेजर उपस्थित थे।

- रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर कलेक्टर ने जारी किए निर्देश



फाइल फोटो

*शस्त्र जमा नहीं करने पर होगी कार्रवाई : चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई लाइसेंस हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण पर रोक या लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई भी की जाएगी।*

### शासकीय सेवक एवं सुरक्षा गार्ड आदेश से मुक्त रहेंगे

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र रायपुर के मान्यता प्राप्त बैंको के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थानों के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ तथा औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड इस आदेश से मुक्त रहेंगे, लेकिन उन्हें भी अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाना में देनी होगी। इसके अलावा परिसर सीमा क्षेत्र से बाहर ले जाने पर थाना प्रभारी की अनुमति लेनी होगी। स्क्रीनिंग कमेटी को दिए जाने वाले आवेदन कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक 17 के लायसेंस शाखा में जमा होंगे।

### 3 सूत्रीय मांग, 13 हजार कर्मचारी लामबंद

# सहकारी समिति के कर्मचारी कल से काली पट्टी लगाकर करेंगे काम, 3 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहकारी समितियों के कर्मचारी 18 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। 3 सूत्रीय मांग को लेकर समितियों के प्रभारी प्रबंधक, लिपिक, सेल्समैन और भृत्य मांग पूरी नहीं होने पर 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर काम ठप करेंगे। प्रदेशभर के 2,058 सहकारी समितियों में कार्यरत 13 हजार कर्मचारियों ने 3 सूत्रीय मांग को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर लामबंद कर्मचारी 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर सांकेतिक रूप से विरोध जताएंगे। आंदोलन के दूसरे चरण में 21 नवंबर से 2 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना दिया जाएगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांग में मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर प्रदेश में भी छत्तीसगढ़ के 2,058 सहकारी समितियों के कर्मचाारियों के वेतन सहित अन्य सुविधाओं का लाभ देने प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि प्रदान की जाए। सेवा नियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते हुए आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान करे।

- छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने किया ऐलान

### ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक में बनी रणनीति



छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक में कलेक्टर दर पर वेतन सहित नियमितीकरण के मुद्दे पर रणनीति तैयार की गई। प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक ने हरिभूमि को बताया बैठक में ब्लाक अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने अपनी मांगों पर चर्चा कर रणनीति तैयार की। 23 अक्टूबर से प्रदेश के सभी जिलों में ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण सं जिला कलेक्टर और जिला सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपेगा।

### चरणबद्ध आंदोलन इस तरह

- 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 33 जिलों के सहकारी समितियों में काली पट्टी लगाकर काम।
- 21 व 22 अक्टूबर को दो दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन।
- 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी व प्रदर्शन।
- 4 नवंबर से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन आंदोलन।

# भगवान झूलेलाल मंदिर की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

- संत लाल सांई, बृजमोहन अग्रवाल, महेश दरयानी सहित शामिल हुई कई बड़ी हस्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राधास्वामी नगर में विगत कुछ माह से भगवान झुलेलाल और शिव मंदिर का निर्माण लगातार चल रहा था, जो कि पूर्ण हो गया, इसके बाद 13 अक्टूबर को मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम रखा गया था, इस कार्यक्रम में सुबह से ही पूजा पाठ शुरू किए गए थे। सुबह 8 बजे से पूजा अर्चना की गई, इसके बाद भगवान की मूर्तियों का दुग्धाभिषेक किया गया। सुबह 10 पूर्णाहुति की गई तथा प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के बाद सुबह 12 बजे से आम दर्शनार्थियों के लिए मंदिर को खोल दिया गया। दोपहर एक बजे से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया गया था। इस कार्यक्रम के सभी धार्मिक अनुष्ठान प. दीपक शर्मा ने संपन्न करवाएं। मंदिर में भगवान झूलेलाल, भगवान शंकर, शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा स्थापित की गई है। साथ ही भगवान हनुमान, दुर्गा मां, राम दरबार, राधा-कृष्ण, लक्ष्मी माता, श्री गणेश जी के विशाल सिरामिक फोटो लगवाएं है। जिनकी नियमित पूजा अर्चना भी की जाएगी तथा वर्षभर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



*कार्यक्रम में शामिल हुई शहर बड़ी हस्तियां*

*मंदिर सेवा समिति द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर राजधानी के प्रमुख लोगों को भी आमंत्रित किया गया था, जिसमें संत लाल साईं चक्करभाटा, भाई गोविंद सिंह, अमरलाल साहेब, वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, अध्यक्ष मनोज डेंगवानी, शदाणी दरबार सेवा मंडल, गोदड़ीवाला धाम से प्रतिनिधिमंडल, छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता रॉकी दासवानी, पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, पार्षद सरिता दुबे, पार्षद सरिता वर्मा, सुभाष तिवारी, सिंधी समाज के वरिष्ठ मन्नुमल पृथवानी, अशोक नैनवानी, अनेश बजाज, विक्की तनवानी, तनेश आहूजा, राजू वासवानी, हेमंत मेघानी, बलराम आहूजा, डॉ. गजवानी, समाज सेवी मोनू आहूजा सहित सैकड़ों समाजसेवी एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए।*

# नहर-नाले की भूमि पर कब्जा खाली कराने 17 से तूता में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमलीडीह में 40 फीट चौड़ी नहर और नाले की जमीन पर कब्जा करवा दिया गया है। इसे हटवाने के लिए न्यायलय का दरवाजा खटखटाने और वहां से मिले निर्देश का पालन करवाने में भी अधिकारी फेल हो चुके हैं। 10 से ज्यादा बिल्डर्स ने नहर-नाला की जमीन को दबाने के बाद प्लाटिंग कर 137 लोगों को करीब साढ़े तीन एकड़ जमीन बेच दी है। बुधवार को यह जानकारी छत्तीसगढ़ अधिकार आंदोलन समिति के अध्यक्ष बनमाली छुरा ने दी।

राजधानी के आउटर में चल रहे जमीन हथियाने के खेल को अधिकारी रोकने और कब्जा मुक्त कराने में नाकाम हैं। इसके चलते हमें पत्रकार वार्ता में बात रखनी पड़ रही है। कई बार पत्र व्यवहार करने के बाद भी जमीन खाली करवाने के बजाय कब्जाधारी लोगों को बचाने व बिल्डर्स को फायदा पहुंचाने का खेल किया जा रहा है। समिति के सचिव आशीष तांडी ने बताया कि अब सड़क की लड़ाई लड़ने का समिति से जुड़े लोगों ने मन बना लिया है। पहले क्रम में तूता स्थित धरना स्थल पर 17 अक्टूबर से तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों को जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।



- छत्तीसगढ़ अधिकार आंदोलन समिति ने दी जानकारी

### परिणाम जारी करने एसआई अभ्यर्थी गृहमंत्री निवास पहुंचे

**रायपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने बुधवार को एसआई अभ्यर्थी पुनः गृमंत्री के निवास पहुंचे। कोर्ट के आदेश के बाद भी अब तक एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से अभ्यर्थी परेशान हैं तथा अपने भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने अभ्यर्थियों को आश्वासन देते हुए कहा है कि प्रक्रिया चल रही है, जिसकी वजह से देर हो रही है। गृहमंत्री ने अभ्यर्थियों को जल्द ही परीक्षा परिणाम जारी करने का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने नौ सितंबर तक परीक्षा परिणाम जारी करने आदेश जारी किया है। कोर्ट के आदेश के बाद भी परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी तीसरी दफा गृहमंत्री निवास का घेराव करने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के बाद भी परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों ने पुनः कोर्ट में आवेदन दाखिल किया। इस पर राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेश पर अमल करने समय मांगा। इस पर कोर्ट ने सरकार को 15 दिन का समय दिया है।

# रेड, यलो जोन का प्रयोग फेल, पुराने ढर्रे पर चल रहा गंभीर मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को त्वरित उपचार की सुविधा देने के लिए आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में लागू किए गए रेड, यलो जोन का प्रयोग फेल हो चुका है। पुराने ढर्रे पर काम शुरू होने की वजह से इमरजेंसी मे आने वाले प्रत्येक मरीज का इलाज एक ही सिस्टम में हो रहा है। शाम होने के बाद अस्पताल के गलियारों में गहमागहमी की स्थिति बन जाती है।

करीब दो साल पहले आपात स्थिति में आने वाले मरीजों के लिए रिस्पांस टाइम तय करने के साथ उन्हें तत्काल उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए आंबेडकर अस्पताल के ट्रामा एंड इमरजेंसी को अपडेट करने की योजना बनाई गई थी। जांच के लिए चक्कर से बचाने के लिए उसी स्थान पर जांच की मशीन जुटाने की योजना के साथ वहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों की स्थिति के आधार पर उसे रेड और यलो जोन में उपचार की सुविधा प्रदान करने का सिस्टम बनाया गया था। कुछ दिन तक इस प्रयोग पर काम होता रहा समय बीतने के बाद मामला ठंडा पड़ता चला गया, इलाज की व्यवस्था पुराने ढर्रे पर आ गई।



- इमरजेंसी विभाग के गलियारों में मरीजों की गहमागहमी

### नए ट्रामा से ही समाधान

अस्पताल से जुड़े सूत्रों का इस बारे में कहना है कि जरूरतों के हिसाब से मौजूद ट्रामा पर्याप्त नहीं है। इसके विस्तार की आवश्यकता है। अस्पताल भवन में ट्रामा विस्तार की योजना बनाई काफी समय पहले बनाई गई थी। विभिन्न तकनीकी दिक्कतों की वजह से इसका काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। जानकारों का कहना है कि ट्रामा यूनिट के विस्तार के बाद ही इमरजेंसी के मरीजों के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो पाएगी।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में बुधवार को हिन्दी माह के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह एवं राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन क्षेत्रीय प्रमुख किसलय प्रसाद ने किया। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद का हिन्दी दिवस पर प्रेषित वीडियो संदेश समारोह में प्रसारित किया गया। उन्होंने बताया कि बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. शैल शर्मा ने हिन्दी के महत्व पर विचार व्यक्त किए और कहा कि भारत के विकास में हिन्दी की भूमिका महत्वपूर्ण है।



### सुरेश ज्वेलर्स में दिवाली पर नवीनतम ज्वेलरी की विशाल रेंज

**रायपुर।** हलवाई लेन एवं मालवीय रोड स्थित सुरेश ज्वेलर्स, 39 वर्षों से ग्राहकों का विश्वास जीतता आ रहा है, इस दिवाली पर स्वर्ण, रजत और हीरे के आभूषणों की एक विशाल और नवीनतम रेंज पेश कर रहा है। सभी ज्वेलरी 100 प्रतिशत हॉलमार्किंग के साथ उपलब्ध है, जिसमें अंगूठी, चेन, ब्रेसलेट, मंगलसूत्र, फूल सेट, जड़ाऊ और एंटीक ज्वेलरी शामिल हैं। इसके अलावा चांदी की पायल और बिछिया जैसी कई अन्य ज्वेलरी भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। शोरूम के संचालक सुरेश बरमट ने बताया कि उनका उद्देश्य कला और संस्कृति की पहचान को बनाए रखते हुए, नये और कलात्मक डिजाइन के आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करना है।

### सतत विकास के लक्ष्य के साथ बीआईएस निरंतर क्रियाशील



**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने हाल ही में विश्व मानक दिवस मनाया, जिसमें मानकीकरण में वैश्विक विशेषज्ञों के सहयोगात्मक प्रयासों को मान्यता दी गई। इस अवसर पर बीआईएस ने अपने क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों के माध्यम से देशभर में उपभोक्ता केंद्रित गतिविधियों के कई कार्यक्रम आयोजित किए। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और रायगढ़ जिलों में सम्मेलन और रायपुर में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। विश्व मानक दिवस 2024 का विषय उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे के लिए सतत विकास है, जो 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों में से एक है। इसका उद्देश्य टिकाऊ औद्योगीकरण और लचीले बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना है। इसमें आठ लक्ष्य और बारह संकेतक शामिल हैं, जिनमें टिकाऊ बुनियादी ढांचे का विकास और औद्योगिक प्रौद्योगिकियों का उन्नयन शामिल हैं।

### रायपुर में ब्रांड बाजार ग्रुप का सबसे बड़ा डिस्काउंट ऑफर

**रायपुर।** एचपी गैस एजेंसी के सामने, सुभाष स्टेडियम के पास, छोटापारा स्थित सुराना भवन में ब्रांड बाजार ग्रुप द्वारा पहली बार 101% ओरिजिनल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस विशेष आयोजन में ग्राहकों को 90% तक की भारी छूट का लाभ मिल रहा है, जो कि रायपुर के इतिहास में सबसे बड़ा डिस्काउंट ऑफर माना जा रहा है।

ब्रांड बाजार ग्रुप के संचालक ने बताया कि यह निर्णय ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता के गारमेंट्स किफायती दामों पर उपलब्ध कराने के लिए लिया गया है। लेडीज गारमेंट्स, जिनकी कीमत 800/- से 3500/- तक है, 200/- से 750/- के बीच उपलब्ध हैं। जेंट्स गारमेंट्स में 50,000 से अधिक आइटम्स पर विशेष छूट दी जा रही है, टी-शर्ट मात्र 150/- से 250/- में और जींस व ट्राउजर 550/- से 750/- में उपलब्ध हैं। इस सेल में शादी-ब्याह के लिए फैंसी साड़ी, पार्टी वियर, कॉटन, जॉर्जेट आदि भी विशेष छूट पर उपलब्ध हैं। संचालकों का कहना है कि यह ऑफर सीमित दिनों के लिए है।



### लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में निशुल्क पंजीयन

**रायपुर।** लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी ने छात्रों के लिए नर्सिंग और फार्मेसी में निशुल्क पंजीयन और परामर्श शिविर का आयोजन किया है। रायपुर के निकट स्थित इस विश्वस्तरीय महाविद्यालय में विभिन्न कोर्सेज के लिए छात्रों को निशुल्क पंजीकरण एवं प्रवेश परामर्श का लाभ मिल रहा है। छात्र केवल एक क्यूआर कोड स्कैन कर आवश्यक प्रपत्र भरकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। महाविद्यालय की निर्देशिका, डॉ. अर्चना मिश्रा ने बताया कि लीला देवी समूह देश में 100 से अधिक विद्यालय, महाविद्यालय और कौशल केंद्र संचालित करता है, जिसमें नर्सिंग, हेल्थकेयर, फार्मेसी, बैंकिंग और तकनीकी शिक्षा शामिल हैं।अमलेश्वर के निकट मोतीपुर में स्थित महाविद्यालय परिसर और साइंस कॉलेज रायपुर के निकट राज्य कार्यालय में छात्र निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। सीमित सीटों के लिए 30 अक्टूबर तक पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहेगी।



### शरद पूर्णिमा उत्सव पर आज विविध कार्यक्रम

**रायपुर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर छत्तीसगढ़ सकल गुजराती समाज द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 17 अक्टूबर को विविध कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कौशिक कट्टा व महासचिव हितेश रायचुरा ने देते हुए बताया कि विशेष तौर पर आरती मुख्य आकर्षण होगा, जिसमें प्रत्येक समाज ग्रुप से महिला सदस्यों के 10 नाम आमंत्रित किए गए हैं। ड्रेस कोड है, सफेद कलर के साथ मनपंसद पारिवारिक वेशभूषा। समाज के लिए रास-गरबा में अलग से ग्रुप परफार्मेंस रखे गए हैं। इनके लिए अलग से नाम बुलाए गए हैं।बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस व बड़ों के लिए बेस्ट ड्रेस के साथ बेस्ट कपल्स परफार्मेंस भी होगा। पहली बार ऐसा हो रहा है कि समाज के अलग-अलग घटक एक मंच पर एकत्रित होकर शरद उत्सव का आयोजन कर रहे हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## पेज 11 के शेष ...

### 100% अलॉटमेंट वाले ....

संख्या के बाद भी शून्य दाखिलों से शिक्षाविद हैरान हैं। ऐसे महाविद्यालय जहां 100% अलॉट हो गई हैं, उनकी संख्या अत्यंत सीमित है। बीफार्मा में 5, डीफार्मा में 19 तथा एमफार्मा में 8 कॉलेज ऐसे हैं, जहां सीटें पूरी भर गई हैं। इनमें से अधिकतर शासकीय हैं।

### चावल जमा नहीं ....

राइस मिलरों को समय सीमा के भीतर चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में गोयल हर्ष, कृष्णा फूड्स, रानूलाल गांधी राईस मिल, गुरूनानक राईस इंडस्ट्रीज सहित अन्य कई मिलरों के संचालक नहीं पहुंचे थे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर ने अनुपस्थित रहने वाले राइस मिलरों की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत आगामी दिनों में इन मिलरों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अन्य कक्षा में गई .....

आ गया तो वे उसे लेकर निजी डॉक्टर के पास पहुंचे, जहां मरहम-पट्टी की गई। इसके बाद छात्रा ने पालकों को शिक्षिका द्वारा पीटे जाने की जानकारी दी। इसके पश्चात बुधवार को पालक शाला प्रबंधन पहुंचे और दोषी शिक्षिका को बुलाने की मांग की। इसके बाद विवाद बढ़ गया और पालकों ने थाने पहुंचकर शिकायत की।

### जलवाष्प लुढ़कने नहीं ....

की लंबाई भी कम होना जरूरी है। अभी रात की अवधि कम है, जिसके कारण मौसम ठंडा नहीं हो पा रहा है और जलवाष्प ने जमीन की गर्माहट को रोके रखा है। बुधवार को भी प्रदेश का अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। राजधानी में हल्के बादल रहे और कभी-कभी धूप भी अपनी तेजी महसूस कराती रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक अवदाब दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश के दक्षिणी भाग में नमी का आगमन लगातार जारी है। 17 अक्टूबर को दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### नोटों की गड्डी के साथ ....

इस वीडियो को कांग्रेस ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किया है, जिसमें दावा किया गया है कि जो नोटों की गड्डी गाड़ी में दिखाई दे रही है, वह भ्रष्टाचार की कमाई है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ल ने कहा, भाजपा के नेताओं का भ्रष्टाचार अब छलकने लगा है। भाजपा का एक नेता नोटों की गड्डियों का सरेआम प्रदर्शन करता है। पूरी गाड़ी में नोटों की गड्डियां बिछाए हुए है। सीट पर नोट की गड्डी रखी हुई है।

**सुशासन तो गाड़ियों में नोट बनकर छलक रहा है– बघेल :** नोटों की गड्डियों के साथ वीडियो पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर निशाना साधाते हुए कहा, क्या बात है! विष्णुदेव साय आपका "सुशासन" तो गाड़ियों में नोट बनकर छलक रहा है। पहचाना इन्हें जो नोट की गड्डियों के साथ मूछों में ताव दे रहे हैं? लीजिए, आसान कर देता हूं, ये भानुप्रतापपुर भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी हैं। सुना है बेरोजगार हैं। सामान्य परिवार से आते हैं। अब ये बताइए कि 'सुशासन' में इसकी जांच होगी या वॉशिंग मशीन वाला फॉर्मूला लगेगा?

### लाखे नगर हिंद ....

निर्णय लिया है। जिन पटाखा व्यवसायिओं का लाइसेंस नवीनीकरण हो गया है, उनसे निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन लिया गया है। गुरुवार को इसके लिए लाटरी निकाली जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

## लाइव इवेंट

# राजधानी में राष्ट्रीय किसान मेला आम नागरिक देखेंगे अनुसंधान

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि में 22 से 25 अक्टूबर तक चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 22 अक्टूबर को एग्री कार्नीवाल तथा राष्ट्रीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के प्रतिनिधि, कृषि मशिनरी एवं कृषि उत्पाद निर्माता कंपनियां, स्टार्टअप्स उद्यमी, कृषक उत्पादक संगठन, महिला स्व-सहायता समूह, विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक शामिल होंगे। राष्ट्रीय किसान मेला के दौरान प्रत्येक दिन कृषकों, छात्रों एवं आम नागरिकों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई जा रही फसलों एवं कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण करवाया जाएगा।

### नई फसलों पर होगी चर्चा

राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में फसलों की नई किस्में, अधिक आय देने वाली वैकल्पिक फसलें, नवीन कृषि प्रौद्योगिकी, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि, जैव उर्वरक एवं जैव कीटनाशक, पशु पालन, मछली पालन एवं चारा उत्पादन, समन्वित कृषि प्रणाली, पोषक तत्व तथा कीट एवं बीमारी प्रबंधन, मृदा उर्वरता एवं मृदा स्वास्थ्य, संरक्षित खेती, उन्नतशील कृषि यंत्रों से कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन आदि से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस चार दिवसीय आयोजन में प्रति दिवस इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषक पाठशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जहां विभिन्न कृषि वैज्ञानिक एवं विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को कृषि से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। मेले में राज्य शासन के कृषि तथा संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर किसानों को राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## एजूकेशन अपडेट

# इंटरव्यू फोबिया से निजात दिलाने बताए जाएंगे जवाब देने के तरीके

**रायपुर।** सामाजिक संस्था विकास परिषद द्वारा पीएससी की मुख्य परीक्षा में साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों के लिए निशुल्क मॉक इंटरव्यू सोमवार से शनिवार को प्रतिदिन 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित की जा रही है। मॉक इंटरव्यू नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा में रखा गया है। इच्छुक उम्मीदवार शाला परिसर में संपर्क कर सकते हैं। मॉक इंटरव्यू की तैयारी पीएससी की राज्य सेवा परीक्षा में चयनित डिप्टी कलेक्टर और उच्च पदों पर पदस्थ करायेंगे। मॉक इंटरव्यू का मुख्य उद्देश्य उम्मीदवारों को इंटरव्यू फोबिया से निजात दिलाना और उनमें कॉन्फिडेंस बिल्टअप कराना है। मॉक इंटरव्यू में उम्मीदवारों को प्रश्नों के उत्तर देने का तरीका, शब्दों का चयन, शालीनता, भाव भंगिमा और इंटरव्यू के समय मुख्य रूप से ध्यान रखने वाली चीजों के आधार पर उम्मीदवारों को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा पास होने का प्रमाण लाना पड़ेगा। पहले उन उम्मीदवारों को तैयारी कराई जाएगी, जो बस्तर अंचल और सरगुजा अंचल से आए हुए हैं। पहले से पंजीकृत उम्मीदवारों को भी इसमें भाग लेने का अवसर मिलेगा।

CGPSC

### फिलहाल स्थगित है साक्षात्कार

गौरतलब है कि पीएससी द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा 2023 के लिए साक्षात्कार 15 अक्टूबर से प्रारंभ किया जाना था। इसे बोर्ड के पुनर्गठन के चलते स्थगित कर दिया गया है। नवीन तिथियों की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। इससे साक्षात्कार में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को तैयारी के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। नई तिथियों की घोषणा पीएससी द्वारा शीघ्र ही किए जाने की बात कही गई है।

## देशभर से जुटे 3 हजार खिलाड़ी



### 27वीं ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट : राजधानी पहुंचे टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव

# 'सूर्य' की चमक, पंथी-कर्मा संग आगाज

स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में बुधवार को 27वें ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्टस मीट 2024 का रंगारंग आगाज हुआ। इसमें टीम इंडिया के टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की चमक देखने लायक थी। युवाओं का हुजूम उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ लेने के लिए भी आतुर नजर आया। खेलकूद स्पार्धा का आगाज सीएम विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा ने किया। 23 खेल विधाओं में शिरकत करने आए वन विभाग के प्लेयर्स जैसे ही मार्च पास्ट करते हुए आगे बढ़े पंथी, कर्मा, गौर नृत्य की झलक भी देखने को मिली।



**रायपुर।** खेलकूद स्पर्धा शुरू होने से पहले युवाओं के उत्साह को देखते हुए स्टार क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव स्टेज पर आए। हाथ हिलाते हुए सभी को रिस्पांस दिया, कुछ लोगों को ऑटोग्राफ भी दिया। सिस्टम बिगड़ते देख फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों ने पुलिस की मदद से उन्हें गेस्ट रूम में बिठाया। वे दोबारा मंत्रियों संग स्टेज पर आए। खेलकूद स्पर्धा के शुभारंभ के बाद सूर्यकुमार ने



जय जोहार करते हुए कहा कि तीसरी बार रायपुर आना हुआ है। यहां के लोगों ने हमेशा मुझे प्यार दिया। यहां के लोगों ने 44% वन क्षेत्र को बनाए रखा है। देश और प्रदेश हरा-भरा रहे, इसके लिए सभी को प्रयास करना होगा। बस्तर मैना यहां की पहचान है, जिसे दुनियाभर में पसंद किया जाता है। जाते-जाते बोले कुछ तो भूल रहा हूं... यह कहते हुए उन्होंने अंत में कहा, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।

### हौसला अफजाई के लिए जुटे सैकड़ों

ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्टस मीट के 27वें आयोजन की मेजबानी करते हुए मुख्य वन संरक्षक बी.श्रीनिवास राव के साथ ही सुनील मिश्रा, शालिनी रैना, ओपी यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मार्च पास्ट के बाद हाथों में मशाल थामे प्रतिभागी कदम बढ़ाते हुए आगे बढ़े। इनकी हौसला आफजाई में पंथी, कर्मा, सुआ, गौर नृत्य करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों की टोली आगे बढ़ी। पंथी नृत्य की श्रृंखला में पिरामिड बनाकर विभिन्न राज्यों से आए तीन हजार से ज्यादा प्रतिभागियों का स्थानीय कलाकारों ने शानदार स्वागत किया।



### पारंपरिक पहनावे में दी प्रस्तुति

बस्तर, बेमेतरा, दुर्ग और मंदिर हसौद के कलाकार अपरान्ह तीन बजे से ही मैदान पर अपनी प्रस्तुति देने के लिए तय स्थान पर एकत्र हो गए थे। जहां मांदर, मंजिरा के साथ पारंपरिक पहनावे में गौर सींग, पंख लगे मुकुट में बुतलु राम की टोली ने कमान संभाली। वहीं भिंभौरी से आए राजेन्द्र वर्मा ने मांदर, झुमका, झांझ की थाप पर डंडा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। बस्तर की टोली ने ही गेड़ी नृत्य तो लक्ष्मी साहू के ग्रुप ने खेलकूद स्पर्धा का आगाज करते हुए सुआ नृत्य पेश किया। वहीं युवाओं की टोली ने पंथी नृत्य से आयोजन को खुशनुमा बनाया।



### खेल भावना बनाए रखने की शपथ



मंचस्थ वन मंत्री केदार कश्यप, मंत्री दयाल दास बघेल, टंकराम वर्मा के साथ ही विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू ने सभी प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामना देते हुए खेल और खिलाड़ी भावना के साथ बेस्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। साथ ही मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मिजोरम, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा सहित सभी राज्य के प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। खेल भावना को मैदान पर भी बनाए रखने के लिए शपथ दिलाते हुए 16 से 20 अक्टूबर तक चलने वाले खेलकूद स्पर्धा का भी आगाज किया।

# 20 प्रतिशत आबादी को दोनों वक्त नहीं मिलता है भोजन



**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व खाद्य दिवस का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। इस अवसर पर छात्रों को खाद्यान्न सुरक्षा का महत्व समझाया गया। प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि आज भी भारत जैसे देश में 20% आबादी को दो वक्त का खाधान्न नसीब नहीं होता है। विश्व में खाद्यान्न के संतुलित उपयोग ही मानव सेवा हो सकतर है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.लक्ष्मीकांत साहू, प्रो.सोमा गोस्वामी एवं डॉ.श्वेता महाकालकर ने भी विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर अपने विचार विद्यार्थियों के बीच रखे। उन्होंने बताया कि किस तरह से छोटे कदमों द्वारा खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। छात्रों को भी इस दिशा में कार्य करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के अमन पांडेय, मिथलेश द्विवेद्वी ,अशफ़िया खान, ग्रेसी पात्रा सहित अन्य छात्रों और शिक्षकों का विशेष रूप से सहयोग रहा।




## स्टूडेंट्स को पुलिस बना रही है साइबर वालंटियर

# पुलिस संग मिलकर साइबर क्राइम रोकेंगे स्टूडेंट्स, फेक पोस्ट पर भी रखेंगे नजर

*रायपुर। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा राज्य में साइबर अपराध एवं ऑनलाइन सुरक्षा के विषय में जन-जागरूकता के प्रचार-प्रसार के लिए 5 से 19 अक्टूबर तक 15 दिवसीय साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। साइबर जागरूकता पखवाड़ा के तहत समस्त जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ साइबर वालंटियर, अन्य विभाग के अधिकारियों एवं अन्य समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों के सहयोग से हाट-बाजार, चौक-चौराहे, स्कूल-कॉलेज, ग्राम पंचायत, सोशल मीडिया एवं आकाशवाणी के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनआईटी रायपुर, ट्रिपलआईटी, कलिंगा विवि, अग्रवाल पब्लिक स्कूल तथा आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के 124 छात्र-छात्राएं एवं 20 साइबर वालंटियर्स इसमें सम्मिलित हुए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आईडीटीआर, तेंदुआ, नवा रायपुर में किया गया।*



### खतरनाक है फेक पोस्ट

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने अपने उद्बोधन में साइबर ईकोसिस्टम के विस्तार, अपराध की प्रवृत्ति, साइबर अपराधियों के धरपकड़ एवं उससे जुड़े कठिनाइयों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस संबंध में हाल ही में हुई घटना का जिक्र करते हुए बच्चों के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया कि कैसे एक विद्यार्थी के फेक पोस्ट ने समाज में उपद्रव भड़का दिए। सोशल मीडिया पर फेक पोस्ट को रोकने युवाओं को साइबर वालंटियर के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

### सोशल साइट्स में फॉलो करें पुलिस को

सहायक पुलिस महानिरीक्षक कवि गुप्ता द्वारा इंटरनेट के बढ़ते जनप्रयोग, डिजिटल उपकरणों पर हमारी निर्भरता, फायदे, इनसे जुड़े नवीन साइबर खतरों जैसे डिजिटल अरेस्ट, जॉब फ्रॉड, सेक्सटार्शन, ऑनलाइन ट्रेडिंग, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग के संबंध में जानकारी दी। जागरूकता के लिए पुलिस के सोशल साइट्स को फॉलो करने का सुझाव दिया।

## कैंपस लाइव

# विषम परिस्थितियों में भी समाज कल्याण ही है कुशल शासन



**रायपुर।** डॉ.राधाबाई महाविद्यालय में अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित व्याख्यान का आयोजन किया गया। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा यह व्याख्यान रखा गया। मुख्य अतिथि रविवि के कुलपति डॉ.सच्चिदानंद शुक्ल रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ.टोपलाल वर्मा मुख्य वक्ता रहे। कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य करने के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता का दर्जा दिया। उन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए कई युद्ध लड़े। अहिल्याबाई होलकर को महिला सशक्तिकरण की मिसाल माना जाता है।

### विशेष कार्यों से बना सकते हैं पहचान

प्राचार्य डॉ.सीएल देवांगन ने कहा, छात्राओं को चाहिए कि वे लोकमाता अहिल्याबाई होलकर से प्रेरित होकर देश निर्माण में सहयोग करें। आयोजन समिति के सचिव संजय जोशी ने कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के कार्यो को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना तथा उनके विचारों को जीवन में उतारना है। विशिष्ट अतिथि प्रियदर्शिनी दिव्य ने कहा कि जिस तरह से लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने विषम परिस्थितियों में भी अपने शासनकाल में समाज कल्याण के साथ ही साथ महिला उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया, ऐसे ही महाविद्यालय के प्रत्येक छात्रा विशेष कार्य कर इस समाज में अपनी पहचान बना सकतीं हैं।

## सिटी लाइव

# पालकों संग बनाए आकाशदीप साझा हुई बचपन की कहानियां



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में बच्चों और किशोरों को आकाशदीप बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कला एवं संस्कृति समिति के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे प्रयास को उत्साहजनक प्रतिसाद मिला। शिविर में प्रशिक्षकों अजय पोतदार, शेखर क्षीरसागर, अभय भागवतकर व अक्षता पंडित के साथ उपस्थित बच्चों के अभिभावकों ने भी आकाशदीप बनाने को लेकर अपने बचपन की याद ताजा की। पालकों ने कहा कि बच्चों को आकाशदीप बनाते देख वो दिन भी याद आ गए, जब हम सब स्वयं आकाशदीप बनाते थे। शिविर में बच्चों के साथ बड़ों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दी। इसके पूर्व बीते सप्ताह भी प्रशिक्षण शिविर में अनेक बच्चों ने आकाशदीप बनाना सीखा था। मराठी मेले में आकाशदीप बनाओ प्रतियोगिता भी रखी जाएगी।

### दीपावली पर खुद बनाएंगे आकाशदीप

आकाशदीप बनाने का प्रशिक्षण लेने महाराष्ट्र मंडल पहुंचे प्राथमिक और माध्यमिक शाला के बच्चे लक्ष्मी देवांगन, शौर्य ठाकुर, कुणाल देवांगन, अनिरुद्ध खेर, दिव्या देवांगन, सौम्या देवांगन सहित अनेक बच्चे अपने हाथों से आकाशदीप बनाकर आत्मविश्वास से भरे नजर आए। प्रतीश डोनगांवकर ने अपने बनाए खूबसूरत से आकाशदीप को दिखाते हुए कहा कि अब वे दीपावली और मेले में आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के लिए तैयार है। सभी आयुवर्ग के बच्चे इसमें हिस्सा बने और उत्साह के साथ कलाकृतियां तैयार की।

## समाज इवेंट

# जेसीआई ने चुने 13 नए अध्यक्ष अगले वर्ष संभालेंगे कामकाज



**रायपुर।** भारतीय जूनियर चैंबर मंडल-9 के अंतर्गत राजधानी में जेसीआई के 2025 के लिए 13 अध्याय अध्यक्षों की घोषणा की गई । जेसीआई सुपर चैप्टर के फाउंडर एवं चेयरमैन राजेश अग्रवाल द्वारा सभी नए सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। घोषणा से 15 दिन पहले अध्यक्ष पद के विभिन्न दावेदारों ने अपना नाम दर्ज कराए। इस पर चर्चा व साक्षात्कार के बाद ही इनका चयन किया गया। इस दौरान कोच अमिताभ दुबे, डायरेक्ट चित्रांक चोपड़ा तथा अमितेश पाठक द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए।

### इन्होंने उत्तीर्ण किया साक्षात्कार

नियमतः अध्यक्ष पद के लिए नाम प्राप्त होने के बाद साक्षात्कार प्रक्रिया रखी गई। इसके आधार पर विभिन्न चैप्टर के अध्यक्ष चुने गए। जेसीआई कैपिटल के अध्यक्ष हेमंत यादव, जेसीआई वामा कैपिटल की अध्यक्ष आस्था बाफना, जेसीआई रॉयल कैपिटल की अध्यक्ष धारा विरानी, जेसीआई नोबल की अध्यक्ष धनश्री भट्ट, जेसीआई वामंजलि की अध्यक्ष आकांक्षा प्रीत, जेसीआई मेक यूनाइटेड के अध्यक्ष रौनक बेंगानी, जेसीआई संस्कार के अध्यक्ष आदित्य सिंह टिकरिहा, जेसीआई संगवारी के अध्यक्ष हितेश साहू, जेसीआई यूथ कैपिटल की अध्यक्ष नैंसी बरडिया, जेसीआई प्राउड कैपिटल के अध्यक्ष सौरभ पोंप्तानी, जेसीआई कॉरपोरेट कैपिटल के अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, जेसीआई कोंडागांव स्टार के अध्यक्ष संयम गोलछा और जेसीआई उमंग के अध्यक्ष त्रिलोचन साहू का चयन किया गया।

---

**रात्रि 12 बजे प्रारंभ हुआ खीर वितरण, कई मंदिरों में बाहर से मंगाई गई थी औषधि**


# मध्यरात्रि निशा पूजन, मंदिर परिसर में ही बनाई खीर तड़के तक वितरण, 'अमृत' के लिए लगी लंबी कतार

आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। मान्यता अनुसार शरद पूर्णिमा के अवसर पर चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है, जिसे अमृत काल कहा जाता है। शरद पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिर परिसर में खीर बनाया गया। जहां रात्रि आरती के पश्चात रात 12 बजे श्रद्धालुओं को खीर का वितरण किया गया।

**रायपुर।** शहर के कई मंदिरों में औषधियुक्त खीर का विशेष वितरण किया गया। कुछ मंदिरों में औषधि राजधानी से बाहर से मंगाई गई थी। इस दौरान मंदिरों में विशेष प्रसादी प्राप्त करने भक्तों की लंबी कतार नजर आई। गुरुवार को भी कई मंदिरों में प्रसाद स्वरुप खीर का वितरण किया जाएगा।

### मंदिर में यशोदा दामोदर की स्थापना

सुंदर नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के भोला साहू ने बताया, बुधवार को यशोदा दामोदर की प्रतिमा का आगमन हुआ। जिसकी विधिवत स्थापना गुरुवार को होगी। इसमें माता यशोदा श्री कृष्ण के साथ नजर आ रही हैं। गुरुवार संध्या श्री कृष्ण लीला पर कथा सुनाई जाएगी, जिसके पश्चात दीपदान किया जाएगा। 17 अक्टूबर से 16 नवंबर तक लगातार रोजाना सुबह-शाम 100 से अधिक दीपदान किया जाएगा। संध्या आरती के बाद 56 भोग भगवान को अर्पित किए जाएंगे।



महामाया मंदिर



नागरीदास मंदिर



### वर्ष में दो बार ही होते हैं विजय बालाजी के दर्शन

दूधाधारी मठ से पं.राम छवि ने बताया, साल में केवल दो बार विजय बालाजी की मूर्ति गर्भगृह में लाई जाती है। इस दौरान भक्तों को विजय बालाजी के दर्शन करने का अवसर मिलता है। विजयादशमी के बाद शरद पूर्णिमा के अवसर पर चांदी के सिंहासन पर विजय बालाजी की प्रतिमा को विराजित किया जाता है। पूजन व श्रृंगार के पश्चात रात 12 बजे औषधीय युक्त खीर का भोग लगाया गया। जिसके पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण हुआ।



### मंदिर में निशा पूजा, रात्रि 10 बजे से खीर वितरण



दुर्गा मंदिर, बूढ़ापारा

महामाया मंदिर के ट्रस्ट समिति के सदस्य सूरज कुमार फूटान ने बताया, साल में चार बार माता की विशेष पूजा की जाती है। इसमें जन्माष्टमी, तीजा पोला, नवरात्रि की सप्तमी तिथि व शरद पूर्णिमा शामिल है। इस अवसर पर विशेष रुप से निशा पूजन किया जाता है। बुधवार को रात्रि पूजन के पश्चात खीर भोज माता रानी को लगाया गया, जिसके बाद प्रसादी का वितरण शुरु किया गया। जो बुधवार रात्रि 10 बजे से शुरु होकर गुरुवार सुबह तक निरंतर जारी रही।

### रात 12 बजे तक भजन संध्या का आयोजन

श्री रामचन्द्र स्वामी (नागरीदास) मंदिर सार्वजनिक न्यास के सदस्य ने बताया, मंदिर परिसर में रात 9:30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसका समापन देर रात 12 बजे किया गया। भगवान की प्रतिमाओं को भोग लगाने के पश्चात बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे से औषधीय युक्त खीर का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतार भोग प्रसादी के लिए बनी रही।

### जैन समाज का शरदोत्सव

सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा 'गुरु शरणम' शरदोत्सव के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरुप प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे। जहां आकर्षण का केंद्र झलकियां व विवेचना रंगमंडल रहेगी। यहां जबलपुर के कलाकारों द्वारा आचार्य विद्यासागर के समग्र जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन जीईरोड स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे किया जाएगा।

---

# आधुनिक शैली में उकेरे महाभारत के कर्तव्य, शक्ति व सम्मान से जुड़े प्रसंग

**राजकुमार कॉलेज में आईपीएससी प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज**

**रायपुर।** राजकुमार कॉलेज में आईपीएससी उत्सव का रंगारंग आगाज बुधवार को हुआ। तीन दिवसीय उत्सव का शुभारंभ बराम्बा के राजा त्रीबीक्रम चंद्र देब ने किया। साथ में ई-पत्रिका ट्रेबल स्ट्रोक्स व अभिव्यक्ति आर्ट पत्रिका विमोचित की गई। प्राचार्य कर्नल अविनाश सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। परंपरा के तहत प्रतियोगिता शुरू करने की घोषणा आरकेसी में की गई। छात्रा पलक अग्रवाल, अनन्या भारती ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। विजुअल आर्ट फेस्ट में सात प्रमुख आयोजन हुए। इसमें 18 विद्यालयों के 108 प्रतिभागियों ने प्रदर्शन किया।



### द बुक कव्हर डिजाइन में रोचक कृतियां

*उत्सव में लुभावने फ्लावर मेकिंग, रिलीफ स्कल्पचर से शुरुआत की गई। इसमें 18 स्कूलों के 74 छात्रों ने लिया। आउटडोर लैंड स्केप पेंटिंग में 17 स्कूलों के प्रतिभागियों ने रंगों और तूलिकाओं से परिसर की अंदरूनी दीवारों पर प्राकृतिक सुंदरता को उकेरा। हेरिटेज ऑफ इंडिया थीम पर वॉल म्यूरल में 17 स्कूलों के विद्यार्थियों और लिनोकट पेंटिंग में 13 स्कूलों के 26 छात्रों और द बुक कव्हर डिजाइन में 17 स्कूल के 34 विद्यार्थियों शिरकत की। महाभारत को आधुनिक शैली में कर्तव्य, प्रेम, शक्ति,सम्मान से जुड़े प्रसंगों को कृतियों में उकेरा।*

### उत्साह से सजा हॉकी चैम्पियनशिप

*वहीं हॉकी चैम्पियनशिप में कुल आठ टीमों ने खेल का प्रदर्शन किया। पहले मैच में पंजाब की टीम ने मॉर्डन स्कूल को 9-0 से मात दी। दूसरे मैच में मेयो कॉलेज ने आरकेसी रायपुर को 3-2 से हराया। तीसरे मैच में एलके सिंघानिया विद्यालय ने 1-2 से बीके बिड़ला सेंटर पुणे और चौथे चरण में दून स्कूल ने 4-0 से एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल को हराया। प्रतियोगिता में तैराकी में अलग-अलग एज ग्रुप के बीच जोर-आजमाइश चली। इसके चलते कैम्पस में उत्साह का माहौल रहा।*





# केक और कुकीज को दे सकते हैं दिवाली का टच

**रायपुर।** महिलाओं के लिए बेसिक बेकरी कक्षा का आयोजन शहर में रखा गया। इसमें उन्हें आगामी पर्व को ध्यान में रखते हुए रेसिपी बताई गई। केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा यह निशुल्क बेकरी कक्षा रखी गई। बोरियाकला स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 9 दिवसीय बेसिक बेकरी कक्षा का समापन बुधवार को किया गया। जिसमें 16 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। यह कक्षा 7 अक्टूबर को प्रारंभ हुई थी। 9 दिवसीय बेसिक बेकरी कक्षा में प्रशिक्षिका हेमलता साहू द्वारा शुरुआत 5 दिन में केक बनाना सिखाया गया। इसके बाद 2 दिन पिज्जा बनाना सिखाया गया अंत में 2 दिन कुकीज बनाना बताया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि किस तरह से इन पश्चिमी पकवानों को त्योहार का टच दिया जा सकता है। प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि कक्षा के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। नई तकनीक से नए स्टाइल वाले केक, पिज्जा और कुकिज बनाने के गुणों को सिखाया गया। केयर स्किल फाउंडेशन के तरफ से अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, सचिव केंद्रिश साहू, कोषाध्यक्ष शशिकांत साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

---

**बाजार में नए लुक में डिजाइनर करवा, छलनी व पूजा की थाल महिलाओं को कर रही आकर्षित**

# चांद का दीदार करने मिट्टी से लेकर पीतल-चांदी के करवे रिबन वर्क वाली साड़ी बनाएगी करवाचौथ को यादगार

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** पति-पत्नी के प्रेम और समर्पण का पर्व करवाचौथ 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। महिलाएं अपने सुहाग के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। पर्व को लेकर शहर का बाजार गुलजार हो चुका है। इस बार भी पूजन के लिए मिट्टी के करवे की मांग अधिक है। सुहागिन महिलाएं करवाचौथ में खुद को निखारने व संवारने के लिए ब्यूटी पार्लर पहुंच रही हैं। वे एडवांस में बुकिंग भी करवा रही हैं, ताकि पर्व में भीड़ से बचा जा सके। सराफा बाजार में भी नेकलेस, झुमके, कंगन और अंगूठी की मांग बढ़ी हुई है। बाजार में महिलाएं पूजा सामग्री खरीदारी करने पहुंच रही है। महिलाओं की भीड़ श्रृंगार, वस्त्र व उपहार से जुड़े उत्पादों की दुकानों पर नजर आ रही है। गोलबाजार में चांद देखने के लिए करवा 50 रुपए से लेकर 200 रुपए तक है। इसके साथ ही पूजा की थाली 100 से लेकर 300 रुपए तक है। करवाचौथ के लिए ज्यादातर महिलाएं मिट्टी और पीतल के करवे ही खरीद रही हैं, लेकिन इस बार चांदी का करवा भी बाजार में मिल रहा है, जिसकी भी लोग खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में 200 रुपए से 1500 रुपए तक के पीतल के करवे बाजार में हैं।



### उपहार में मोबाइल और ज्वेलरी पहली पसंद

करवाचौथ के लिए पुरुषों ने भी पत्नियों के लिए उपहार की खरीदारी शुरू कर दी है। मोबाइल, ज्वेलरी के अलाव फोटो फ्रेम गिफ्ट के लिए खरीदा जा रहा है। इस बार महिलाएं व युवतियां में हैंड वर्क की साड़ियों व सूटों की अधिक मांग देखने को मिल रही है। साड़ियों में रिबन वर्क भी पसंद किया जा रहा है। इसमें पूरी साड़ी सामान्य होती है। इन साड़ियों की कीमत तीन हजार रुपए से शुरू होती है। महिलाओं की पसंद सिल्क और बनारसी साड़ियां भी हैं। इसमें लाल रंग की अधिक डिमांड बताई जा रही है। इसके अलावा बाजार में आकर्षक रंगों की चूड़ियां महिलाओं को भा रही हैं। चूड़ी विक्रेता ने बताया कि महिलाएं कपड़ों से मैच करती हुई चूड़ियां व बिंदी खरीद रही हैं। चूड़ियों में सबसे ज्यादा वेलवेट, राजस्थानी व जयपुरी पैटर्न को पसंद किया जा रहा है। महिलाएं सूट, साड़ी व चूड़ियों के रंग से मिलती-जुलती बिंदी खरीद रही हैं।

### मेहंदी सेंटर में स्पेशल ऑफर



करवा चौथ से पहले ही सुहागिनें खुद को निखारने को लेकर ब्यूटीशियन की बुकिंग करने लगी हैं। बड़े पार्लर व मेंहदी सेंटर में स्पेशल ऑफर भी दिया जा रहा है। इसमें करवा चौथ पैकेज के साथ ही छूट भी दी जा रही है। फेशियल, हेयर कट और हेयर ट्रीटमेंट के साथ ही स्पेशल मेहंदी का भी ऑफर महिलाओं को मिल रहा है। साथ ही मेहंदी लगाने घर पहुंच सुविधा भी दी जा रही है। हालांकि इसके लिए अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा है। पार्लर संचालकों का कहना है कि 500 रुपए का पैकेज दोनों हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए शुरुआती पैकेज है। इसके बाद डिजाइन और मेहंदी के हिसाब से मूल्य तय होता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### गोवा के साथ ड्रॉ रहा क्रिकेट मैच मयंक-शोभित की शानदार पारी



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 23 सी के नायुडु ट्रॉफी 2024 का आयोजन 13 अक्टूबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच (13-16 अक्टूबर) गोवा अंडर-23 टीम के विरुद्ध गोवा में ही खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। गोवा के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 80.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 268 रन बनाये। गोवा की ओर से शिवेन्द्र ने शानदार 100 रन तथा अजान थोटा ने 60 रन तथा लखमेंश ने 51 रन बनाये। छठें विकेट के लिये शिवेन्द्र तथा लखमेंश ने 135 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। छत्तीसगढ अंडर 23 टीम की ओर से दीपक यादव ने 3 विकेट, वरुण सिंह भुई, मयंक यादव एवं अरीन द्विवेदी ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका। चौथे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ अंडर-23 की टीम ने अपनी पहली पारी में 45 ओवरों में 5 विकेट पर 156 बना लिये हैं। कप्तान मयंक यादव ने नाबाद 64 रन तथा शोभित शर्मा ने 60 रनों का योगदान दिया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ।

### 20 खिलाड़ियों के साथ एक कोच अनिवार्य किया एथलेटिक्स संघ ने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के कार्यकारिणी सदस्य,अध्यक्ष/सचिव जिला इकाई, चयनकर्ता, तकनीकी अधिकारी, मुख्य प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षकों की विशेष बैठक रायपुर मे अध्यक्ष जी एस बाम्बरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के सीनियर प्रशिक्षक और तकनीकी अधिकारियों से चर्चा की गई। एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से होने वाली राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट पर भी चर्चा की गई। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की अंडर-14 और 16 में हर जिला की 13 खिलाड़ियों की एक टीम भाग लेगी और छत्तीसगढ़ से लगभग 495 कोच मैनेजर और खिलाड़ी भाग लेंगे। इस पर खिलाड़ियों को अभी से तैयार करने उनके यूआईडी बनाने और तकनीक खामियों को दूर कर उनके प्रदर्शन में सुधार करने के लिए भी चर्चा की गई।

भुवनेश्वर में 25 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 39 वीं नेशनल जूनियर चैंपियनशिप के लिए भी छत्तीसगढ़ की टीम के भाग लेने, चयन,रुकने एवं भुवनेश्वर की व्यस्थाओ पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने 20 खिलाड़ियों के लिए एक कोच अनिवार्य रूप से तय किया गया है। सभी जिले के खिलाड़ियों के लिए एएफआई यूआईडी रजिस्ट्रेशन के लिए भी चर्चा की गई। जूनियर नेशनल के लिए इस सभा में कोच मैनेजर परमेश्वर राम भगत, उमेश निर्मलकर और बालक दास लहरे को नियुक्त किया गया तथा उन्हें खिलाड़ियों से लाने ले जाने की जिम्मेदारी दी गई। सभा में बस्तर मैराथन पर चर्चा की गई। जिसमें 1482 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वही 35वीं वेस्ट जोन पर भी चर्चा हुई। जिसमें 122 खिलाड़ियों में 34 खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किया। उनकी नागपुर में उत्साहित भागीदारी पर चर्चा हुई। टीम मैनेजर आंचल भगत से रिपोर्ट ली गई और अधिक मेडल लाने तथा तकनीकी खामियों को दूर करने विमर्श हुआ।

### छत्तीसगढ़ सीनियर विमेंस टी-20 ट्रॉफी टीम घोषित



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर वूमेंस टी 20 ट्रॉफी 17 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। छत्तीसगढ़ वूमेन सीनियर की टीम के सभी मैच कोलकाता के मैदान में खेले जाएंगे। टीम में बिलासपुर सीनियर की चार महिला खिलाड़ियों में ऐश्वर्या सिंह, दुर्गेश नंदिनी साहू, प्रतिज्ञा सिंह और सृष्टि शर्मा को टीम में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष सभी वर्गों के महिलाओं का ट्रायल के रूप में चयन किया जाता है। इसके पश्चात ही खिलाड़ियों के मध्य सिलेक्शन मैच कराया जाता है और साथ ही पिछले 27 अक्टूबर से से छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वूमेन सीनियर इनविटेशन कप खेला जा रहा था। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम उपविजेता बनी और आंध्र टीम विजई हुई और इनविटेशन कप में प्रदर्शन को देखते हुए ही छत्तीसगढ़ वूमेंस सीनियर टी 20 स्टेट टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।


भुखमरी और पोषण आज पूरी दुनिया में चिंतन का विषय

# हमारी इम्यूनिटी को कमजोर बना रहा ऐसा खाना आहार विशेषज्ञ से जानिए क्या खाएं, क्या न खाएं

हर साल विश्व खाद्य दिवस मनाने का उद्देश्य विश्व भर में भुखमरी और पोषण की कमी के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। फूड दिवस पर कई कार्यक्रमों के जरिए लोगों को भुखमरी के खिलाफ आवाज उठा कर सचेत किया जाता है। साथ ही भुखमरी और पोषण के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

16 अक्तूबर 1945 में फूल और एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन (फाओ) की स्थापना हुई थी। फाओ के स्थापना दिवस के मौके पर विश्व खाद्य दिवस मनाने का फैसला लिया गया। भोजन या खाद्य सामग्री शरीर को स्वस्थ रखने, ऊर्जावान देने के लिए बेहद आवश्यक है। ऐसे में स्वस्थ खानपान शरीर को अधिक मजबूती देता है। इसके अलावा रोगों के जोखिमों से बचाने के लिए इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में भी कुछ खाद्य पदार्थ विशेष भूमिका निभाते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, इम्युनिटी का बनना सतत प्रक्रिया है यानी कि इसके लिए आपको लगातार प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है। इसमें पौष्टिक आहार की विशेष भूमिका होती है। हालांकि कुछ खाद्य सामग्रियां ऐसी भी हैं जिनका सेवन इम्यूनिटी को नुकसान पहुंचा सकता है। विश्व खाद्य दिवस के परिप्रेक्ष्य में आहार विशेषज्ञ डॉ. सुदेशना भट्टाचार्य से जानिए कि आहार की किन चीजों से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचने का खतरा हो सकता है?



### तले हुए खाद्य पदार्थ शरीर को पहुंचाते हैं नुकसान

प्रतिरक्षा प्रणाली से लेकर संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए तला भुना खाना काफी नुकसानदायक हो सकता है। ज्यादा तली चीजों में एडवांस ग्लाइकेशन एंड प्रोडेक्ट्स (एजीई) की अधिकता होती है, ये यौगिक स्वाभाविक उच्च तापमान पर चीजों को तलने से उत्पन्न होते हैं। एक शोध में वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि जो लोग अक्सर फ्रेंच फ्राइज जैसी तली हुई चीजें खाते हैं उनमें अवसाद की समस्या होने का जोखिम अधिक हो सकता है।





### अधिक चीनी-मीठा पेय हो सकता है हानिकारक

अधिक मीठे का सेवन कई रोगों का कारक बन सकता है। ज्यादा मीठी चीजें, चीनी या मीठे पेय जैसे कोल्ड ड्रिंक्स और एडेड शुगर वाली चीजें शरीर को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं। इसके साथ ही ये प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर बनाने का काम भी करता है। मीठे के कारण होने वाली हानि पर किए गए एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि फ्रुक्टोज (चीनी का तत्व) का अधिक सेवन आंत के माइक्रोबायोटा के लिए नुकसानदायक हो सकता है, साथ ही यह शरीर में इंफ्लामेशन के जोखिमों को भी बढ़ा देता है।

### नमक का ज्यादा सेवन भी नुकसानदायक

नमक का अधिक मात्रा में सेवन शरीर के लिए साइलेंट किलर की तरह है। आहार में नमक या ऐसी चीजें हैं जिनमें नमक की मात्रा अधिक होती है, शामिल करने से शरीर को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव ब्लड प्रेशर बढ़ना है जिसे हृदय रोगों का प्रमुख कारक माना जाता है। अध्ययनकर्ता बताते हैं, अधिक मात्रा में नमक का सेवन करने से शरीर में इंफ्लामेशन बढ़ने लगता है जिससे इम्युनिटी को नुकसान पहुंचता है। स्वस्थ लोगों को दिन में 1500 मिलीग्राम से अधिक मात्रा में नमक न खाने की सलाह दी जाती है।

### शराब का शरीर पर नकारात्मक असर

शराब को वैज्ञानिक शरीर का दुश्मन मानते हैं। भले ही आप कम मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं इससे शरीर को नुकसान पहुंच सकता है। यह आंतों-लिवर को नुकसान पहुंचाता है जो प्रतिरक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार शराब आपकी आंत में मौजूद गुड बैक्टीरिया के लिए हानिकारक है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली की एंटीबॉडी बनाने की क्षमता को भी बाधित कर सकता है। लिवर की बीमारियों के साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी इसे हानिकारक पाया गया है।



## वेट लिफ्टिंग के दौरान कलाई में नहीं लगेगी चोट, इन बातों का रखें ध्यान

जिम में वर्कआउट करते हुए हम सभी कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं। कार्डियो से लेकर वेट लिफ्टिंग तक कई तरह का वर्कआउट ना केवल बॉडी को शेप देता है, बल्कि बॉडी स्टेमिना और स्ट्रेन्थ भी बढ़ाता है। हालांकि, कई बार यह देखने में आता है कि जब हम वेट लिफ्टिंग करते हैं तो उस दौरान कलाइयों में इंजरी हो जाती है।

हाथों की मूवमेंट करने से लेकर वजन उठाते समय हम कई छोटी-छोटी चीजों की अनदेखी करते हैं। लेकिन ये छोटी-छोटी बातें वर्कआउट परफार्मेंस को इफेक्ट करती हैं। इतना ही नहीं, इससे कलाई में चोट लगने की संभावना काफी बढ़ जाती है। हालांकि, अगर आप चाहती हैं कि वेट लिफ्टिंग के दौरान आपकी कलाइयों में किसी तरह की इंजरी ना हो, तो ऐसे में आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो कर सकती हैं-

### कलाइयों का भी करें वार्मअप



यह तो हम सभी जानते हैं कि किसी भी वर्कआउट से पहले बॉडी वार्मअप करना बेहद जरूरी होता है। लेकिन अक्सर हम कलाइयों के मूवमेंट पर उतना ध्यान नहीं देते हैं। हालांकि, अगर आप वेट लिफ्टिंग करने वाली हैं तो ऐसे में आपको कलाइयों का वार्मअप भी जरूर करना चाहिए।

इससे आपकी कलाइयों के ज्वॉइंट्स थोड़े ल्यूब्रिकेट हो जाते हैं, जिससे मूवमेंट करना आसान हो जाता है। इसके लिए आप मुट्ठी बनाकर उसे घुमा सकती हैं या फिर एक्सटेंसर स्ट्रेच को बतौर वार्मअप किया जा सकता है।

### रिस्ट रैप का करें इस्तेमाल

अगर आप हैवी वेट लिफ्टिंग करने वाली हैं तो यह सलाह दी जाती है कि आप रिस्ट रैप का पहनकर ही वर्कआउट करें। खासतौर से, बेंच प्रेस, ओवरहेड प्रेस, या हैवी कर्ल वर्कआउट करते समय कलाई में चोट लगने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

लेकिन जब आप रिस्ट रैप का इस्तेमाल करती हैं तो यह आपकी कलाई को अतिरिक्त सपोर्ट देता है, जिससे आपको मूवमेंट के दौरान स्टेबलाइज रहने में मदद मिलती है। ऐसे में कलाई में चोट लगने से बचा जा सकता है। (कोर को स्ट्रेंथ करने वाली एक्सरसाइज)

### सही हो तकनीक

वेट लिफ्टिंग के दौरान अक्सर कलाई में चोट उन्हें लगती है, जिनका बॉडी पोश्चर या तकनीक सही नहीं होती है। अगर आप किसी भी वर्कआउट को बहुत जल्दी-जल्दी करती हैं या फिर गलत तरीके से करती हैं तो इससे आपको कोई फायदा नहीं होता है, बल्कि इससे कलाई में चोट लग सकती है। इसलिए, बेहतर होगा कि आप ट्रेनर की देख-रेख में वेट लिफ्टिंग करें। इससे आपकी कलाई में चोट लगने की संभावना न के बराबर होगी। (पीठ की मसल्स को मजबूत बनाएं)

## घर में निजी सामान रखते हुए अपनाएं वास्तु नियम

ऋयूं तो हम सभी अपने घर में कई तरह की आइटम्स रखते हैं। जरूरत के सामान से लेकर डेकोरेटिव आइटम्स आदि कई चीजें रखी जाती हैं। आमतौर पर, घर में हर सदस्य का अपना कुछ पर्सनल सामान भी होता है, जिसे लोग अक्सर अपने कमरे में रखते हैं। पर्सनल आइटम्स से व्यक्ति की एनर्जी भी जुड़ी होती हैं, क्योंकि इन आइटम्स को सिर्फ हम ही इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, अगर इन्हें गलत तरीके से रखा जाता है तो इससे व्यक्ति को नेगेटिविटी का अहसास होता है। वास्तु में भी पर्सनल आइटम को रखने के लिए कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका ध्यान रखा जाता है तो इससे आप अपने आसपास पॉजिटिविटी बनाए रख सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आप अपनी पर्सनल आइटम को रखते समय किन बातों का ध्यान रखें-




### यहां रखें बैग

ऑफिस का पर्सनल बैग या ब्रीफकेस ऐसी चीज है, जिसे कभी भी हमेशा सिर्फ एक ही जगह पर नहीं रहना चाहिए। ऑफिस में आते-जाते यह बैग आपके साथ मूवमेंट करता है। इसलिए इसे सही दिशा में रखना चाहिए।

## होटल में क्यों हमेशा सफेद प्लेट्स में सर्व होता है खाना, जानें खाने से जुड़े सीक्रेट्स

होटलों में अक्सर खाना सफेद रंग की प्लेट में परोसा जाता है। क्या आपको पता है कि होटलों में सिर्फ सफेद प्लेट्स का उपयोग क्यों होता है। इसके पीछे कई कारण है, जिससे होटल वालों को बड़ा फायदा होता है। जब आप किसी होटल या रेस्तरां में जाते हैं, तो खाने की टेबल पर क्या नोटिस करते हैं? टेबल पर कटलरी के साथ सफेद प्लेट्स आपने भी नोटिस की होंगी। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है? इस विकल्प के पीछे साइंस और रणनीति दोनों है। क्या आपको पता है कि ऐसा करने से होटल को कितना फायदा होता है। साथ ही खाने को लेकर ऐसे कई सारे सीक्रेट्स हैं, जो शायद ही आपको पता होंगे। आइए इस लेख में हम आपको होटल के फूड सीक्रेट्स के बारे में बताएं।



### विजुअल अपील

सफेद प्लेट का उपयोग करने का सबसे बड़ा कारण यह है कि यह रंगीन भोजन के साथ एक अलग कंट्रास्ट प्रदान करता है। सफेद रंग एक स्टेबल बैकग्राउंड के रूप में काम करता है, जिससे खाने का जीवंत रंग उभर कर सामने आता हैं। यह कंट्रास्ट डिश की विजुअल अपील को बढ़ाता है, जिससे यह खाने वाले के लिए अधिक आकर्षक बन जाता है। ग्रीन सलाद, स्पाइसी स्टीक या मलाईदार पास्ता के बारे में सोचिए जो एक पैटर्न वाली या रंगीन प्लेट पर परोसा जाता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ साईं कार्पोरेशन
RICHFORD
0% DOWN PAYMENT
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ
प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ
सोफा कमबेड बीन बैग
EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/-
मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
Mattress 30 से 50% लेस
रुई गद्दा 220/- रुई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रुई गद्दा 4x6=600/-
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
CITYLIF
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
मात्र 10,000 रुपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

CCTV
Biometrics
Fire Safety
Video Conf.
Networking & IT Solutions
Vehicle Traking
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

Bedsheet Factory
मानसरोवर
FESTIVE SPECIAL OFFER
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708

